रजिस्ट्री सं. डी.एल.-33004/92 REGD. No. D.L.-33004/92

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
**PART II—Section 3—Sub-section (i)**

प्राधिकार से प्रकाशित
**PUBLISHED BY AUTHORITY**

सं. 429] नई दिल्ली, शुक्रवार, अक्तूबर 30, 1992/कार्तिक 8, 1914
**No. 429] NEW DELHI, FRIDAY, OCTOBER 30, 1992/KARTIKA 8, 1914**

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
**Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation**

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

(स्वास्थ्य विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 30 अक्तूबर, 1992

सा.का.नि. 836(अ) :—औषधि और प्रसाधन सामग्री नियम, 1945 का और संशोधन करने के लिए कतिपय नियमों का निम्नलिखित प्रारूप, जिसे केन्द्रीय सरकार, औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 (1940 का 23) की धारा 12 और धारा 33 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, औषधि तकनीकी सलाहकार बोर्ड से परामर्श करने के पश्चात् बनाना चाहती है, उक्त धाराओं की अपेक्षानुसार ऐसे सभी व्यक्तियों की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है, जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना है और इसके द्वारा यह सूचना दी जाती है कि उक्त प्रारूप पर ऐसी तारीख से, जिसको ऐसे राजपत्र की प्रतियां, जिसमें यह अधिसूचना प्रकाशित की जाती है, जनता को उपलब्ध करा दी जाती है, तीस दिन की अवधि की समाप्ति के पश्चात् विचार किया जाएगा;

ऐसे आक्षेपों या सुझावों पर, जो इस प्रकार विनिर्दिष्ट अवधि की समाप्ति के पहले उक्त प्रारूप नियमों की बाबत किसी व्यक्ति से प्राप्त होंगे, केन्द्रीय सरकार विचार करेगी।

प्रारूप नियम

1. इन नियमों का संक्षिप्त नाम औषधि और प्रसाधन सामग्री (संशोधन) नियम, 1991 है।

2. औषधि और प्रसाधन सामग्री नियम, 1945 की अनुसूची च (1) भाग 1 में,—

(1) "(क) " जीवाणुजन्य वैक्सीनों के उत्पादन को लागू होने वाले उपबंध" शीर्षक के अधीन।

(क) पैरा 3 में, प्रविष्टि 6 के पश्चात्, निम्नलिखित प्रविष्टियां अंतःस्थापित की जाएंगी, अर्थात् :—

"7. बहुघटक क्लोस्ट्रिडियल वैक्सीन।

8. रक्त स्रावी पूति जीव रक्तता वैक्सीन फिटकरी से ससाधित।

(ख) "एन्थ्रेक्स स्पोर वैक्सीन (जीवित)" विनिबन्ध के अधीन

(i) पैरा 4 में मद (छ) के स्थान पर, निम्नलिखित को रखा जाएगा, अर्थात् :—

"(छ) जीवनक्षम गणना—जब वैक्सीन उपयुक्त माध्यमों पर प्लेटित की जाए तो प्रत्येक पशु मात्रा में करोड़ जीवनक्षम

और प्रत्येक भेड़ मात्रा में 50 लाख स्पोर दिखाई पड़ने चाहिए।"

(ii) पैरा 6 के स्थान पर, निम्नलिखित को रखा जाएगा, अर्थात्–

"(6) अवसान की तारीख—वैक्सीन की शक्ति के अवसान की तारीख विनिर्माण की तारीख से दो वर्ष से अधिक नहीं होगी, यदि 4° सें.ग्रे. में रखी जाए, और छः माह से अधिक नहीं होगी, यदि कमरे के तापमान पर रखी जाए";

(ग) अंत में निम्नलिखित विनिबन्ध और प्रविष्टियां अंतः स्थापित की जाएंगी, अर्थात् :—

"बहुघटक क्लॉस्ट्रिडियल वैक्सीन

1. पर्यायवाची—क्लॉस्ट्रिडियल का परफ्रिन्जेन्स टाइप ग और घ ग-1 सैप्टिकम और ग 1 इडोमेटियन्स का संयुक्त एनाकल्चर।

2. परिभाषा—यह चार उच्च एंटीजनी घटकों से मिलकर बनती है जिसमें ग–1 पर फ्रिन्जेन्स टाइप घ ग–1 टॉक्साइड अंतर्विष्ट है।

परफ्रिंजेन्स टाइप ग, ग–1 इंट्रोडोमेटियन्स और ग-1, सैप्टिकम जिन्हें द्विगुणात्मक शक्ति में तैयार किया जाता है और तब तक ऐसे अनुपात में मिलाया जाता है जो वैक्सीनीकृत भेड़ में वैक्सीन में समाविष्ट प्रत्येक एन्टीजन के विरुद्ध पर्याप्त एन्टिटॉक्सिन प्रतिक्रिया उभार सके।

3 विनिर्मित:—उपर्युक्त प्रभेद पृथक रूप से उपयुक्त तरल माध्यमों में ऐसी अवस्थाओं के अधीन बनाए जाते हैं जिससे अधिकतम टॉक्सिन उत्पादन सुनिश्चित हो जाए। इन संवर्धों की शुद्धता आविषालुता के लिए चूहों में जांच की जाती है। विरलेपित श्रेणी के फॉर्मेल्डिहाइड आई.पी. के घोल का 0.5 प्रतिशत अंतिम सांद्रण में मिला दिया जाता है और फॉर्मेलाइज्ड संवर्धन 37° सें.ग्रे. पर तब तक रखा जाता है जब तक कि उत्पाद विषक्रमित और निर्विष न हो जाए। 10 प्रतिशत रसायन और पी.एच. 6.0 तक समायोजित का अंतिम संकेन्द्रण प्राप्त करने के लिए आसवित जल में एल्युमिनियम क्लोराइड का 20 प्रतिशत घोल मिला कर फॉर्मेलाइज्ड प्रतिसंवर्ध (एनाकल्चर) तैयार किया जाता है। अवसादित आविषाभ (सेडीमेंट टॉक्साइड) का पुनर्निर्माण नार्मल सैलाइन में उसकी आधी मूल प्रबलता में किया जाता है।

4. मानक—

(क) विवरण—मृत जीवाणु और टॉक्साइड को निलंबित रूप में रखते हुए यह पूर्ण रूप से हिलाए जाने पर एक श्वेत तरल पदार्थ होता है।

(ख) पहचान—जब ग्रहणशील पशुओं में अंतःक्षिप्त किया जाए तो वह ग-1 परफ्रिन्जैन्स टाइप घ और ग के विरुद्ध एपसिलॉन और बीटा एंटीटॉक्सिन के उत्पादन को उद्दीप्त करता है और ग-1 सेप्टिकम और ग-1 इडोमेटियन्स के टॉक्सिन के विरुद्ध एन्टीटॉक्सिनों को भी उद्दीप्त करता है।

(ग) निर्जीवाणुता परीक्षण—"जीवाणुजन्य वैक्सीन" विषयक साधारण विनिबन्ध (मोनोग्राफ) में उल्लिखित निर्जीवाणुता के परीक्षण के अनुरूप है।

(घ) निरापदता परीक्षण—उत्पाद के 10 मि.लि. एस.सी का टीका चार भेड़ों में से प्रत्येक को लगा दिया जाता है और सात दिनों तक इन पर जिसके दौरान ये पशु कोई स्थानीय या सर्वांग संबंधी प्रतिक्रिया प्रकट नहीं करेंगे, निगरानी की जाती है।

(ङ) शक्ति परीक्षण—आठ भेड़ों में से प्रत्येक को 21 दिन के अन्तराल पर एस.सी टीके की दो मात्रा दे दी जाती है और उक्त वैक्सीन में समाविष्ट प्रत्येक एन्टीजन के विरुद्ध एंटीटॉक्सिन अनुमापांक निर्धारित करने के प्रयोजन से सीरम संकलन करने के लिए दूसरे टीके के बाद दसवें दिन उनका खून लिया जाता है। संरोपणान्त सीरम में एप्सीलॉन और ग–1 पर फ्रिन्जेनस के बीटा एंटीटॉक्सिन का 2 आई.यू और ग-1 सैप्टीकम एंटीटॉक्सिन का 2.5 आई.यू. और ग-1 इडोमेटियन्स एंटी-टॉक्सिन का 4 आई.यू. से कम नहीं होगा।

5. लेबल लगाना और भंडारण—"जीवाणुजन्य वैक्सीन" संबंधी साधारण विनिबंध में लेबल लगाने और भंडारण करने के संबंध में उल्लिखित अपेक्षाओं के अनुरूप करेगा।

6. अवसान की तारीख—वैक्सीन की शक्ति की समाप्ति की तारीख उसके विनिर्माण की तारीख से छह मास से अधिक नहीं होगी।

रक्तस्रावी पूतिजीवरक्तता वैक्सीन फिटकरी संसाधित

1. पर्याय—पाश्चुरेला मल्टोसीडा (यर्सीनिया कल्टोसीडा) वैक्सीन—फिटकरी संसाधित।

2. परिभाषा—यह वैक्सीन पोटाश फिटकरी से संसाधित न्यूट्रिएंट ब्रोथ में पाश्चुरेला—मल्टोसीडा के उग्र विभेद का संवर्धित संवर्ध है।

3 निर्मिति—प्रथम चरण में पाश्चुरेला मल्टोसीडा टाइप 1 को उच्च शक्ति विभेद न्यूट्रिएंट ब्रोथ 37° सें.ग्रे. पर संवर्धित किया जाता है। शुद्ध संवृद्धि को समुचित सान्द्रता (0.5 प्रतिशत) वाला फार्मेलिन आई.पी. का घोल मिलाकर मार दिया जाता है। इसे 1 प्रतिशत का अंतिम सांद्रण तैयार करने के लिए इसे पोटेशियम फिटकरी आई.पी. से संसाधित किया जाता है।

4. मानक—

(क) विवरण—यह श्वेत मिलम्बन है जिसमें मृत जीवाणु और फिटकरी होते हैं।

(ख) पहचान—यह ग्रहणशील पशुओं को पी. मल्टोसीडा से संक्रमण के विरुद्ध संरक्षण प्रदान करता है।

(ग) निर्जीवाणुता परीक्षण—"जीवाणुजन्य वैक्सीन" संबंधी साधारण विनिबंध में उल्लिखित निर्जीवाणुता परीक्षण के अनुरूप है।

(घ) निरापदता परीक्षण—चार स्वस्थ शशकों को, जिनमें प्रत्येक का वजन 1 से 1.5 कि.ग्रा. हो, अवत्वक् रूप से इस उत्पाद के 5 मि.लि. में संरोपित किया जाता है। सात दिनों के अवलोकन की अवधि के दौरान थोड़ी स्थानीय सूजन को छोड़कर और कोई प्रतिक्रिया नहीं होगी। बारी-बारी से दो शशक और छह चूहे लिए जा सकते हैं। चूहे के लिए मात्रा 0.5 मि.लि. होगी।

5 लेबल लगाना और भण्डारण:—"जीवाणुजन्य वैक्सीन" विषयक साधारण विनिबंध में यथा उल्लिखित लेबल लगाने और भण्डारण की अपेक्षाओं का अनुपालन करेगा।

6. अवसान की तारीख—वैक्सीन की शक्ति के अवसान की तारीख उसके विनिर्माण की तारीख से छह मास से अधिक नहीं होगी।

(2) (ख) विषाणुजन्य वैक्सीन के उत्पादन को लागू होने वाले उपबंध शीर्षक के अधीन—

(क) पैरा 3 में, प्रविष्टि (xi) के पश्चात्, निम्नलिखित प्रविष्टि अंतःस्थापित की जाएगी, अर्थात्:—

"(xii) पाद और मुख रोग वैक्सीन (निष्क्रिकृत)",

(xiii) कैनाइन हैपाटाइटिस वैक्सीन (जीवित)";

(ख) पैरा 4 के स्थान पर, निम्नलिखित पैरा रखा जाएगा, अर्थात्:–

"4. अभिलेख—वैक्सीन तैयार करने में किए गए बीज विषाणु का बीज तैयार करने के लिए प्रयुक्त किए जाने से पूर्व, शुद्धता, निरापदता, निर्जीवाणुता और प्रतिजनन के लिए एक विशिष्ट विषाणु को लागू सामान्यत

स्वीकृत परीक्षण द्वारा, परीक्षण किया जाएगा। जब तक किसी विशिष्ट विषाणु के लिए अन्यथा विहित न किया जाए, यह स्टॉक बीज विषाणु से पांच संक्रमण से अधिक दूरस्थ नहीं होगा। स्टॉक बीज विषाणु को बीज लॉट पद्धति द्वारा विनिर्दिष्ट संक्रमण-स्तर पर रखा जाएगा और उसका परीक्षण जीवाणविक, कवकद्रव्य (माइकोप्लाज्मल) और असंबद्ध विषाणु संदूषण के लिए किया जाएगा। अनुज्ञप्तिधारी द्वारा रखे जाने के लिए अपेक्षित स्थायी अभिलेख में, ऐसे बीज विषाणु के मूल (उसके) गुण और लक्षण संबंधी अभिलेख भी सम्मिलित हैं, जिससे वैक्सीन तैयार की जाती है";

(ग) पैरा 7 में, उपपैरा (ii) के पश्चात, निम्नलिखित अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :--

"(3) कुक्कुटा को, जिनसे वैक्सीन उत्पादन के लिए अंडे और सैल कल्चर प्राप्त किए जाते हैं, इस रीति से आवासित किया जाए कि वे बाह्य संक्रमण से मुक्त रहें और उनकी साधारण जीवाणुजन्य, कवकद्रव्य और विषाणु संक्रमण के लिए बार-बार अंतरालों पर जांच की जाएगी। परीक्षणों और उनके परिणामों के अभिलेख विनिर्माताओं द्वारा रखे जाएंगे।"

(घ) "कुक्कुट चेचक वैक्सीन भ्रूण विषाणु (जीवित)" विनिबंध के अधीन पैरा 3 में "बारह से तेरह दिन के भ्रूणों को झिल्ली (स्टाक बीज विषाणु) से अंतःक्षेपित किया जाता है", शब्दों के स्थान पर निम्नलिखित को रखा जाएगा, अर्थात्--"बारह से तेरह दिन के भ्रूणों को कुक्कुट चेचक अंगीकृत कुक्कुट भ्रूण की संक्रामित झिल्लियां (बीज विषाणु) के निलम्बन की समुचित तनुता से अंतःक्षेपित किया जाता है";

(ङ) "कुक्कुट चेचक वैक्सीन कबूतर-चेचक विषाणु (जीवित)" विनिबंध के अधीन पैरा 4 के उपपैरा (ग) में, द्वितीय पैरा के पश्चात् निम्नलिखित को अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :--

"परीक्षण अधीन वैक्सीन की फील्ड मात्रा के दस गुने का 0.2 मि.लि. से तीन परख पक्षियों को अंतःनाल द्वारा अंतःक्षेपित किया जाए। यह समूह यह उपदर्शित करने का कार्य करता है कि उत्पाद संक्रामक लैरिंगोट्रैकियाइटिस के विषाणु से और इसी प्रकार के अन्य रोगों से मुक्त है कि नहीं",

(च) "रानीखेत-रोग वैक्सीन (जीवित)" विनिबंध के अधीन, पैरा 4क में खंड (ग) में, 'प्रतिश्याय" शब्द का लोप किया जाएगा और "कंट्रोल्स" शब्द से समाप्त होने वाले पैरा के पश्चात् निम्नलिखित पैरा को अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :--

"तीन परख पक्षियों को परख की जाने वाली वैक्सीन को 0.1 मि.ली. मात्रा अंतःनासिका द्वारा अंतःक्षेपित की जाएगी। यह समूह यह उपदर्शित करता है कि उत्पाद प्रतिश्याय के विषाणु से और उसी प्रकार के रोगों से मुक्त है।"

(छ) "रानीखेत रोग वैक्सीन एक स्ट्रेन (जीवित)" विनिबंध (मोनो-ग्राफ) के अधीन पैरा 4 के उपपैरा (ग) में "0.1" अंकों के स्थान पर "1.0' अंक रखे जाएंगे,

(ज) निम्नलिखित विनिबंध (मोनोग्राफ) और प्रविष्टियां अंत में अंतःस्थापित की जाएंगी, अर्थात् :--

पाद और मुख रोग वैक्सीन (निष्क्रियकृत)

1. पर्याय:--निष्क्रियकृत ऊतक संबंधी एक या बहु-संयोजक पाद और मुख रोग वैक्सीन।

2. परिभाषा:--पाद और मुख रोग वैक्सीन एक तरल उत्पाद या विनिर्मित है जिनमें एक या अधिक किस्म के पाद-मुख रोग विषाणु होते हैं जिन्हें इस प्रकार निष्क्रिय कर दिया जाता है कि इसका प्रतिरक्षाजनी गुण बना हुआ रहता है। इसमें गुणवर्धक भी अंतर्विष्ट होता है। उस वैक्सीन को, प्रयोग किए गए विषाणुओं की किस्मों के आधार पर एक संयोजक, द्विसंयोजक त्रिसंयोजक या बहुसंयोजक भी कहा जाता है।

3. विनिर्मित--विषाणु को उपयुक्त कोशिका कल्चर में संचारित किया जाता है। कोशिका कल्चर को विषाणु के किसी समुचित संगरोग के साथ संक्रमित किया जाता है और विषाणु के गुणन के लिए उपयुक्त तापमान पर ऊष्मायन किया जाता है। विषाणु कार्य परिणामित होता है और कोशिकीय मलबे को निष्पन्दन के द्वारा हटाया जाता है समुचित एजेंट जैसे फॉर्मल्डीहाइड घोल या किसी एजीरिडीन मिश्रण द्वारा निष्क्रियण पूरा किया जाता है। इसका गुणवर्धक एल्युमिनियम हाइड्रोक्साइड और या सैपोनिन हो सकता है। निष्क्रियकृत वैक्सीन की दशा में, हाप्रतिजन का अवसादन द्वारा $+4^{\circ}$ सें पर गाढ़ा किया जाता है। बहुसंयोजक वैक्सीन तैयार करने के लिए एक संयोजक प्रतिजनों का अंतिम मिश्रण तैयार करने के लिए समुचित मात्राओं में मिश्रित किया जाता है जिससे कि अंतिम मिश्रण प्राप्त हो सके जो गुणित वैक्सीन होती है।

4. मानक :

(क) वर्णन :--भंडारित किए जाने पर एल्युमिनियम हाइड्रोक्साइड जेल वैक्सीन अधिप्लवी को स्वच्छ छोड़कर परिवर्ती डिग्री पर स्थिर हो जाता है। 1

(ख) पहचान :--यह पशुओं को, विषाणु को समजात टाइप/सब-टाइप के कारण पशुओं के पाद और मुख रोग से रक्षा करता है।

(ग) निर्जीवाणुता परीक्षण :--इसमें "विषाणु वैक्सीन के साधारण विनिबन्ध" के अधीन विहित किए गए अनुर्वरता परीक्षणों का अनुपालन किया जाएगा।

(घ) सुरक्षा परीक्षण:--यह परीक्षण 12 मास से अन्यून आयु के पूर्णतः ग्रहणशील पशुओं पर किया जाता है जिन्हें न तो टीके द्वारा और नहीं पूर्व संक्रमण द्वारा सुग्राहीकृत किया गया हो। तीन ग्रहणशील पशुओं का 2 मि.लि. के परिष्कृत उत्पाद से उनकी जिह्वा पर अनेक स्थानों पर अंतस्त्वचीय मार्ग से संरोपित किया जाता है और 4 दिनों तक उसका संप्रेक्षण किया जाता है। उन्हीं पशुओं को चौथे दिन अवत्वक् रूप से तीन पशु की मात्राओं के साथ संरोपित किया जाता है और 6 दिनों की और अवधि के लिए उनका संप्रेक्षण किया जाता है। पशुओं पर एफ.एम.डी. के कोई चिन्ह प्रकट नहीं होंगे और वे सामान्य रहेंगे।

(ङ) शक्ति परीक्षण:--वैक्सीन के प्रत्येक बैच का परीक्षण 15 मास से अन्यून आयु के ग्रहणशील पशुओं पर किया जाएगा। पशुओं पर शक्ति-परीक्षण निम्नलिखित किसी भी रीति से किया जा सकेगा :

(i) पी०डी. 50 पद्धति : वैक्सीन का परीक्षण समुचित रूप में गुणवर्धक या अगुणवर्धक तनुकारक में तैयार किए गए वैक्सीन के समुचित तनुकरण से टीका लगाए गए जानवरों का चैलेंज करके ग्रहणशील पशुओं में पी.डी. का अवधारण करके किया जाएगा। प्रति तनुकरण के लिए कम से कम पांच जानवरों का प्रयोग किया जाएगा और टीका न लगाए गए दो जानवरों को चैलेंज के नियंत्रण के रूप में सम्मिलित किया जाएगा। टीके के बाद के 21 वें दिन सभी जानवरों की उनकी जिह्वा पर विषाणु के समजात विभेद के 10,000 आई.डी. 50 द्वारा संरोपित करके मौखिक चैलेंज किया जाता है।

नियंत्रण पशुओं को इसी प्रकार चैलेंज किया जाएगा। पशुओं का विक्षतियों के उभार के लिए 10 दिन तक संप्रेक्षण किया जाता है। असंरक्षित पशुओं पर एफ.एम.डी. के कारण साधारणीकृत घाव दिखाई पड़ते हैं। नियंत्रणाधीन जानवरों पर साधारण रूप में विक्षतियां अवश्य दिखाई पड़नी चाहिए। प्रत्येक समूह में संरक्षित कई जानवरों में वैक्सीन की पी.डी. 50 अंतर्वस्तु की संगणना की जाती है। यदि परीक्षण में तीन या अधिक का संप्रेक्षित पी.डी. 50 मूल्य अभि-प्राप्त होता है तो वैक्सीन का परीक्षण पास होगा।

(ii) प्रतिशतता संरक्षण पद्धति जिसमें दस स्वस्थ ग्रहणशील पशुओं के समूह में से प्रत्येक को अवत्वक् रूप से टीकाकृत मात्रा से अंतःक्षेपित किया जाता है और 14-21 दिनों के बाद पशुओं की उनकी जिह्वा

पर तीन अलग-अलग स्थानों पर वैक्सीन के विनिर्माण में प्रयुक्त विषाणु के विभेद को 10,000 म.ई.डो. 50 के साथ प्रांतरकर्णीय इंजेक्शन के द्वारा चैलेंज किया जाता है। यदि उस समूह में दस में से कम से कम सात साधारणीकृत संक्रमण के विरुद्ध विकसित होने से बचे रहते हैं तो वैक्सीन पास किया जा सकेगा। यद्यपि सभी नियंत्रणों को भूख और पाद में संप्रेक्षणीय प्राथमिक और द्वितीयक विक्षतियों के विकास द्वारा प्रतिक्रिया करनी चाहिए।

अन्य कारणों से और यदि पशु-परीक्षण संभव नही होता है तो गिनी-पिगों में वैक्सीन की शक्ति, उनको चैलेंज करके जिनको पहले टीका लगाया जा चुका है, या तो स्यूकैम "सी" इन्डेक्स द्वारा या पी०डी. 50 पद्धति द्वारा अवधारित की जा सके परन्तु यह तब जब कि गिनीपिगों का चैलेंज परीक्षण और पशु चैलेंज परिणामों के बीच परस्पर संबंध स्थापित किया जा चुका हो।

पशुओ में निष्प्रभावन प्रतिरक्षी अनुमान सीरम का प्राक्कलन वैक्सीन की मूल्यांकन शक्ति का समर्थक परीक्षण के स्तर में माना जा सकेगा।

तथापि, जब कभी परीक्षण की अन्य स्वीकृत पद्धतियों द्वारा किया जाना शंकास्पद हो तो पशुओं में वैक्सीन का शक्ति परीक्षण बैचों में या प्रति पांच बैचों में कम से कम में बैच में किया जाएगा।

5. चिह्न लगाना : साधारण विनिबंध (मोनोग्राफ) में अधिकथित लेबल लगाने की अपेक्षाओं के अनुसार उस पर लेबल लगाया जाता है। इसके अतिरिक्त यह अपेक्षा है कि डिब्बे में उन विषाणु टाइपों का उल्लेख होगा जिनका प्रयोग इसकी विनिर्मिति में किया गया है।

6. भंडारकरण :

रोशनी से इसकी सुरक्षा की जानी चाहिए और भंडारण 4° सेंटीग्रेड से 8° सेंटीग्रेड पर किया जाना चाहिए। इन शर्तों के अधीन रखे जाने पर यह अनुमान किया जाता है कि वह अपनी शक्ति कम से कम बारह मास तक बनाए रख सकेगी। एल्यूमिनियम हाइड्रोक्साइड वैक्सीन को हिमिकरण से बचाना आवश्यक है। हिमेशालित उत्पाद उपयोग के लिए उपयुक्त नहीं होगा।

कैनाइन यकृतशोथ वैक्सीन (जीवित)

1. पर्याय--संक्रामक कैनाइन वैक्सीन (जीवित) कैनाइन यकृतशोथ कोशिका संवर्ध वैक्सीन।

2. परिभाषा

कैनाइन यकृतशोथ वैक्सीन (जीवित) हिम-शुष्कित ऊतक संवर्ध संबंधी तरल विनिर्मिति है जिसमें कैनाइन यकृतशोथ विषाणु अंगीकृत कोशिका संवर्ध अन्तर्निहित है।

3. *विनिर्मित : कैनाइन यकृतशोथ वैक्सीन विषाणु से, जिसमें कोशिका संवर्धद्रव हो, तैयार किया जायेगा।*

केवल ऐसे स्टाक सीड जीवाणु का, जिसे शुद्ध, सुरक्षित और प्रतिरक्षाजनी सिद्ध किया गया है, वैक्सीन की विनिर्मिति में उपयोग किया जायेगा।

प्रतिरक्षाजन्य परीक्षण--स्टाक सीड विषाणु के प्रत्येक लॉट का प्रतिरक्षाजनत्व के लिए निम्नलिखित रूप में परीक्षण किया जायेगा :--

8-14 सप्ताह आयु के कैनाइन यकृतशोथ ग्रहणशील 13 कुत्तों का प्रयोग परीक्षण में किया जाएगा (10 वैक्सीन द्वारा और 3 नियंत्रण से) इन पशुओं से रक्त के नमूने प्राप्त किये जाएंगे और कैनाइन-यकृतशोथ विषाणु के विरुद्ध प्रतिजैविक की उपस्थिति के लिए प्रत्येक के सीरम नमूनों का परीक्षण किया जाएगा। दस कुत्तों को विषाणु की पूर्व निर्धारित मात्रा से अवत्वक रूप से टीका लगाया जाएगा और शेष 3 कुत्तों को वाक्सीनीकरण रहित नियंत्रण के रूप में रखा जाएगा। मात्रा आकलन उपयुक्त कोशिका संवर्ध पद्धति में विषाणु अनुमापन के आधार पर किया जाएगा। टीका लगाने के 14 दिन बाद वैक्सीनकृत और नियंत्रण-युक्त कुत्तों में से प्रत्येक को उग्र संक्रामक कैनाइन यकृत शोथ विषाणु अन्तःनाड़ी रूप में दिया जाएगा और उनका 14 दिन तक सत्य अवलोकन किया जाएगा। तीन नियंत्रणों में से कम से कम दो की मृत्यु हो जाएगी और शेष जीवित में कैनाइन यकृत शोथ के क्लिनिकल लक्षण दिखाई देंगे। 10 वैक्सीनीकृत कुत्तों में से 9 कुत्ते जीवित रहेंगे और संप्रेक्षण अवधि के दौरान किसी संक्रामक कैनाइन यकृतशोथ के लक्षण प्रकट नहीं करेंगे।

स्टाक सीड विषाणु का पांच वर्षों में एक बार परीक्षण किया जाएगा और उसे विहित की गई मानक स्थितियों के अधीन सुरक्षित रखा जाएगा।

स्टाक सीड विषाणु को उपयुक्त ऊतक संवर्ध प्रणाली पर संरोपित किया जा सकेगा और 5 से 7 दिनों तक उसे ऊष्मायित किया जा सकेगा।

ऊतक संवर्ध द्रव को तब विषाण अन्तर्वस्तु के लिए कोशिका संवर्ध प्रणाली में कार्य परिणामित और तत्वानुमापित किया जाता है। समुचित समुकरण और एकत्रीकरण के पश्चात वस्तु को 20% सेंटीग्रेड पर भंडारित किया जाता है जब तक कि वह जमकर शुष्क न हो जाए। प्रत्येक वैक्सीन मात्रा में 10 टी सी आई डी 50 से अन्यून मात्रा अन्तर्विष्ट होगी

4. मानक :

(क) विवरण : शुष्क उत्पाद गुलाबी रंग की क्रीम जैसी वस्तु होगी जो जल में तुरन्त घुल जाने वाला होगा। पुनर्गठित वैक्सीन गुलाबी सा द्रव होता है।

(ख) पहचान : यह कुत्ते, सूअर और फेरेट के गुर्दे में एकाणुक स्तर में स्वाभाविक कोशिका विकृति प्रभाव उत्पन्न करता है। इसे विनिर्दिष्ट प्रतिसीरम द्वारा निष्क्रिय किया जा सकता है। कुत्तों में संरोपित करने पर [ विनिर्दिष्ट निष्प्रभावी प्रतिरक्षियों के विकास को समुचित सीरम संबंधी परीक्षण के द्वारा प्रदर्शित किया जा सकता है।

(ग) आर्द्रता की मात्रा :--तैयार उत्पादों में आर्द्रता की मात्रा 1.0 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा।

(घ) निर्जीवाणुता परीक्षण : "विषाणु वैक्सीन" के साधारण विनिबंध (मोनोग्राफ) के अन्तर्गत वर्णित रूप में निर्जीवाणुता के परीक्षण का अनुपालन किया जाएगा।

(ङ) निरापदता परीक्षण :--मूषक सुरक्षा परीक्षण-लेबल पर दी गई सिफारिश के अनुसार प्रयोग के लिए तैयार किए गए वैक्सीन का परीक्षण किया जाएगा। आठ मूषकों का अन्तः मस्तिष्कीय ढंग से 0.03 मि.ली. से संरोपित किया जा सकेगा और 8 मूषकों को 0.5 मि.ली. से अन्तरपर्युदर्यी संरोपित किया जाएगा। दोनों समूहों का सात दिन के लिए संप्रेक्षण किया जाएगा। यदि संप्रेक्षण की अवधि के दौरान दोनों समूहों के मूषकों में से दो या अधिक मूषकों में प्रतिकूल प्रतिक्रिया, जिसे इस उत्पाद से कारित माना जा सकता है, घटित हो तो इस बैच को असन्तोषजनक माना जाएगा।

*कुत्ता निरापदता परीक्षण*:--8-14 सप्ताह की आयु के दो ग्रहणशील पिल्लों में से प्रत्येक को निर्जीवाणु तनुकारी से पुनर्निर्मित बैच में से 10 वैक्सीनीकृत मात्रा के समतुल्य वैक्सीन से अन्तःक्षिप्त किया जाएगा और लेबल पर दिए गए निर्देश की रीति से इसका प्रयोग किया जाएगा तथा 21 दिन तक संप्रेक्षण में रखा जाएगा। कोई पिल्ला संप्रेक्षण अवधि के दौरान कोई प्रतिकूल प्रतिक्रिया प्रदर्शित नहीं करेगा।

(च) शक्ति परीक्षण विषाणु तत्वानुमापन: तैयार उत्पाद के नमूनों को उपयुक्त कोशिका संवर्ध प्रणाली में विषाणु अनुमाप के लिये परीक्षित किया जायेगा। इस बैच में $10^{3.5}$ टी सी आई डी 50 से अन्यून मात्रा वाला विषाणु अनुमाप होगा।

कुत्ते में शक्ति परीक्षण:--8-14 सप्ताह की आयु के दो स्वस्थ ग्रहणशील कुत्तों को एक वैक्सीन मात्रा से अवत्वक् रूप से अंतःक्षिप्त किया जायेगा। वैक्सीन टीका दिए जाने के 14 दिन पश्चात् दोनों स्थानों में से सीरम संबंधी परीक्षण द्वारा विनिर्दिष्ट निष्प्रभावी प्रतिरक्षी प्रदर्शनीय होंगे।

5. लेबल लगाना: "विषाणु वैक्सीनों" के साधारण विनिबन्ध (मोनोग्राफ) में अधिकथित रीति से लेबल लगाने की अपेक्षा अनुरूप होगा।

6. भंडारकरण: शुष्क उत्पादों को 20° सेंटी. या उससे कम तापमान पर भंडारित किया जायेगा। इस वैक्सीन के रैफ्रिजरेटर के प्रशीतक प्रकोष्ठ में लगभग 6 मास तक अपनी शक्ति कायम रखने की आशा की जाती है (तापमान लगभग 8° से.।)

बतख प्लेग वैक्सीन :

1. परिभाषा: बतख प्लेग वैक्सीन संक्रामित कुक्कुट भ्रूण से तैयार किया गया रूपान्तरित जीवित विषाणु का निलम्बन है।

2. विनिर्मिति: सालमोनेला उन्मुक्त झुण्डों से अधिप्राप्त मुर्गी के ताजे निषेची अंडे लेकर ऊष्मयित्र में ऊष्मायित किये जाते हैं। 9 दिन पुराने भ्रूण का निलंबित विषाणु के उपयुक्त तनुकरण (100 का 1) का 0.2 मि.लि. का अन्तःक्षेपण सी.ए.एम. पर किया जाएगा और संरोपण के पश्चात् 5 दिनों के लिए 37° सें. ग्रेड पर ऊष्मायित किया जायेगा। संरोपण के पश्चात् तीसरे, चौथे और पांचवें दिन मृत भ्रूण परिणामित होते हैं। भ्रूणों (जिनमें सिर और टांगे नहीं होती) साफ द्रव और झिल्लियों को एकत्र करके एक संमिश्रक में होमोजिनाइज किया जाता है, 0.5 मि.लि. की मात्रा के एम्पूल में रखा जाता है और उनको शुष्क प्रशीतन में रखा जाता है।

3. मानक :--

(क) विवरण : हल्के भूरे चकत्ते।

(ख) पहचान : यह उत्पाद बतख को बतख प्लेग के विरुद्ध सुरक्षित रखता है।

(ग) निरापदता परीक्षण : 8 से 12 सप्ताह की आयु की चार स्वस्थ बतखों को, जिनका वजन 600 ग्राम से कम न हो, 10 वैक्सीन तनुकरण के 1 मि.लि. से अवत्वक रूप से संरोपित किया जाता है और 14 दिनों तक उन्हें संप्रेक्षण में रखा जाता है। संप्रेक्षण की अवधि के दौरान, ये बतखें किसी प्रतिकूल प्रतिक्रिया का प्रदर्शन नहीं करेंगी।

(घ) निर्जीवाणुता परीक्षण : "विषाणु वैक्सीन" के संबंध में साधारण विनिबन्ध (मोनोग्राफ) में वर्णित निर्जीवाणुता परीक्षण का अनुपालन किया जाएगा।

(ङ) शक्ति परीक्षण : 8 से 12 सप्ताह की आयु की छह ग्रहणशील बतखों में से प्रत्येक को, जिनका वजन 600 ग्रा. से कम न हो, वैक्सीन के 10 तनुकरण के 1 मि.लि. से अवत्वक् रूप से संरोपित किया जाता है। 14 दिन के पश्चात् इन बतखों में से प्रत्येक को और साथ ही 8-12 सप्ताह की आयु वाली 2 असुरक्षित नहीं बतखों का भी उग्र बतख प्लेग विषाणु (1000 डी माई डी 50) के 10 तनुकरण के 1 मि.लि. से अवत्वक रूप से चैलेंज किया जाता है। असुरक्षित बतखों में बतख प्लेग के लक्षण दिखाई पड़ेंगे और वे 10 दिन के भीतर मर जाएंगी, जबकि सुरक्षित बतखें संप्रेषण के 14 दिनों दौरान सामान्य रहेंगी।

4. लेबल लगाना : "विषाणु वैक्सीन" संबंधी साधारण विनिबन्ध (मोनोग्राफ) में अधिकथित लेबल लगाने की अपेक्षाओं का अनुपालन किया गा।

5. भण्डारकरण : वैक्सीन के --15° से 20° सें.ग्रे. पर भण्डारित किए जाने पर वह एक वर्ष तक अपनी शक्ति बनाए रखेगी और यदि प्रशीतक के प्रकोष्ठ में अर्थात् 50° सें.ग्रे. पर रखा जाएगा जो लगभग तीन मास तक अपनी शक्ति बनाए रखेगी ;

पक्षी मस्तिष्कसुषुम्नाशोथ विषाणु वैक्सीन (जीवित)

1. पर्याय पक्षी मस्तिष्कसुषुम्नाशोथ वेक्सीन प्रशीतित-शुष्क।

2. परिभाषा : विषाणुधारित ऊतक और भ्रूणीकृत मुर्गी के अंडों से तरल निलंबन।

3. विनिर्मिति . स्टॉक सीड विषाणु का उपयोग, जिसे विशुद्ध, निरापद और प्रतिरक्षाजनी सिद्ध कर लिया गया हो, वैक्सीन तैयार करने में किया जाएगा।

(1) स्टॉक सीड विषाणु के प्रत्येक लॉट का परीक्षण उसकी रोगजनकता आंकने के लिए कुक्कुट भ्रूण-संरोपण परीक्षण द्वारा किया जाएगा।

(क) उत्पाद में वैक्सीन विषाणु को निष्प्रभावी करने के लिए सीड लॉट की एक मात्रा को निर्जीवाणु, उष्मा-निष्क्रियकृत विशिष्ट प्रतिसीरम की 9 मात्राओं में मिला दिया जाएगा।

(ख) निष्प्रभावीकरण के पश्चात् सीरम वैक्सीन मिक्सचर के 0.2 मि.लि. पोल की कम से कम 20 पूर्णतः ग्रहणशील कुक्कुट भ्रूणों में से प्रत्येक को संरोपित किया जाएगा (निवेश द्रव को 0.1 मि.लि 9-11 दिन की आयु वाले भ्रूणों में और 0.1 मि. लि एनान्टोइक थैली में संरोपित किया जाएगा)।

(ग) अंडे की सात दिनों के लिए मोम-बत्ती परीक्षण किया जाएगा। प्रथम 24 घंटे के अन्दर मृत्यु घटित होने वाले को निकाल दिया जाएगा किन्तु कम से कम 18 जीवनक्षम भ्रूण मान्य परीक्षण के लिए संरोपणोत्तर काल में 24 घंटे तक जीवित रहेंगे। सभी भ्रूणों और भ्रूणों से प्राप्त सी.ए.एम. का, जो पहले दिन के पश्चात् ही मर जाते हैं, परीक्षण किया जाएगा।

(घ) यदि ऐसी मृत्यु या अपसामान्यता, जिसे निवेश द्रव से कारित समझा जाए, घटित होती है, तो सीड-लॉट असंतोषप्रद है।

(ii) प्रतिरक्षाजनत्व परीक्षण : पक्षी मस्तिष्कसुषुम्नाशोथ के प्रति ग्रहणशील कुक्कुट शावकों का, जो एक ही आयु (8 सप्ताह) के होंगे, प्रयोग किया जाएगा। 20 कुक्कुटों को विहित मार्ग से, विषाणु की फील्ड मात्रा संरोपित की जाएगी। समान आयु के दस अतिरिक्त कुक्कुट-शावकों को और कुक्कुट समूह को वैक्सीन रहित नियंत्रण के रूप में माना जाएगा।

कम से कम 21 दिन वैक्सीन के पश्चात्, नियंत्रकों (कुक्कुट) और टीकाकृत (कुक्कुटों) को उग्र पक्षी-मस्तिष्कसुषुम्नाशोथ-विषाणु से अन्तः मस्तिष्कीय रूप में चैलेंज किया जाएगा और प्रत्येक को 21 दिनों तक सप्रेक्षण में रखा जाएगा। कम से कम 80 प्रतिशत नियंत्रकों में पक्षी-मस्तिष्क सुषुम्नाशोथ के लक्षण दृष्टिगोचर होंगे या वे मर जाएंगे। 20 टीकाकृत कुक्कुट-शावकों में से कम से कम 19 टीकाकृत कुक्कुट-शावकों में स्टॉक सीड विषाणु के संतोषप्रद होने के लिए सप्रेक्षण की अवधि के दौरान क्लिनिकल पक्षी मस्तिष्कसुषुम्ना शोथ से मुक्त रहेंगे।

4. मानक :

(क) विवरण : भूरी श्वेत पपड़ी, जो तनुकारी में तुरन्त ही घुल जाए।

(ख) पहचान : कम से कम पांच छह दिन की आयु के भ्रूणीकृत अंडों को (ऐसी मुर्गियों के जिनका पक्षी मस्तिष्कसुषुम्नाशोथ से संक्रामित होने का कोई पर्ववृत्त नहीं) प्रतनुकृत वैक्सीन के 0.1 मि.ली. से पीतक कोष में संरोपित किया जाएगा और ऊष्मायक में रखा जाएगा और तब अंडयन कक्ष (ब्रूडर) में स्थानान्तरित कर दिया जाएगा जहां उन्हें अंडे सेने दिया जाएगा। अण्डजोत्पन्न कुक्कुट शावकों को सात दिनों तक बैठने दिया जाएगा। अण्डजोत्पन्न कुक्कुट शावकों में से 50 प्रतिशत से अधिक कुक्कुट शावक इस अवधि के अन्त में विशिष्ट लक्षण (दुर्बल टांगें, टांग पक्षाघात, कंपन आदि) प्रकट करेंगे।

(ग) वाष्प की मात्रा : 1 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी।

(घ) निर्जीवाणुता परीक्षण : "विषाणु वैक्सीन" के साधारण विनिबंध (मोनोग्राफ) के अधीन वर्णित निर्जीवाणुता संबंधी परीक्षण का अनुपालन करेगा।

(ङ) निरापदता परीक्षण कम से कम 25 पक्षी मस्तिष्कसुषुम्नाशोथ ग्रहणशील पक्षियों (6–10 सप्ताह की आयु के) को अनुशंसित मार्ग से 10 फील्ड मात्रा से टीकाकृत किया जाएगा और 21 दिनों तक प्रतिदिन संप्रेक्षणाधीन रखा जाएगा। यदि संप्रेक्षण की अवधि के दौरान वैक्सीन में आरोग्य प्रतिकूल प्रतिक्रियाएं घटित हों तो यह वैक्सीन बैच असन्तोषप्रद है।

(च) शक्ति परीक्षण :

(i) वैक्सीन को विषाणु की मात्रा के लिए अनुमापित किया जाएगा। कोई बैच निर्मुक्त किए जाने के योग्य हो उनके लिए उसे कम से कम 10 ई आई डी 50 प्रति मात्रा का विषाणु अनुमापन लेना होगा।

(ii) कम से कम 10 ग्रहणशील कुक्कुट-शावकों को निर्धारित मार्ग से वैक्सीन की फील्ड मात्रा द्वारा टीकाकृत किया जाएगा और उसी बैच और स्रोत के 10 कुक्कुट-शावकों को अटीकाकृत नियंत्रक के रूप में रखा जाएगा।

कम से कम 21 दिन वैक्सीन के पश्चात् दोनों समूहों को अन्तःमस्तिष्कीय रीति से उग्र पक्षी मस्तिष्कसुषुम्नाशोथ विषाणु से चैलेंज किया जाएगा और 21 दिनों तक संप्रेक्षणाधीन रखा जाएगा। 10 नियंत्रकों में से कम से कम 8 में पक्षी मस्तिष्कसुषुम्नाशोथ के पहचानने योग्य लक्षण या विक्षत विकसित होंगे। और 10 टीकाकृत कुक्कुटों में से कम से कम 8 सामान्य होंगे।

5. लेबल लगाना : "विषाणु वैक्सीन" संबंधी साधारण विनिबन्ध (मोनोग्राफ) में अधिकथित रीति से लेबल लगाने की अपेक्षा का अनुपालन किया जाएगा।

मैरेक के रोग का वैक्सीन (जीवित)

1. पर्याय : टर्की वैक्सीन का परिसर्प विषाणु एच. वी. टी. वैक्सीन (जीवित)

2. परिभाषा : मैरेक रोग वैक्सीन कोशिकामुक्त द्रव, जिसमें जीवित विषाणु हैं, का निलंबन है।

3. विनिर्मिति : स्टॉक सीड विषाणु का प्रयोग, जिसे शुद्ध, निरापद और पक्षी जातियों में प्रतिरक्षाजनी साबित किया जा चुका हो, वैक्सीन उत्पाद के लिए सीड विषाणु तैयार करने के लिए किया जाएगा।

(i) निरापदता परीक्षण : स्टॉक सीड विषाणु, जैसा कि निम्नलिखित प्रक्रिया द्वारा अवधारित किया जाए, कुक्कुट-शावकों के लिए अरोगजनक होगा।

कम से कम 25 कुक्कुट-शावकों का प्रयोग जिनमें प्रत्येक की आयु एक दिन की होगी, दो समूहों में किया जाएगा। ये कुक्कुट-शावक एक ही स्रोत और बैच के होंगे मैरेक रोग के प्रति ग्रहणशील होंगे और उन्हें पृथक-पृथक समूहों में रखा जाएगा।

समूह 1—प्रत्येक कुक्कुट-शावक, जितना वैक्सीन की एक मात्रा (खुराक) में अंतर्विष्ट हो उसके 10 गुना जीवनक्षम विषाणु से अन्तःपेशीय मार्ग से अंशतः क्षिप्त किए जाएंगे।

समूह 2—नियंत्रकों के रूप में कार्य करेंगे। प्रत्येक समूह में कम से कम 20 कुक्कुट-शावक संरोपण के पश्चात् चार दिन तक जीवित रहेंगे। ऐसे सभी कुक्कुट-शावकों की, जिनकी मृत्यु हो जाती है, शव परीक्षा की जाएगी और मैरेक रोग के विक्षतों और मृत्यु के कारणों की जांच की जाएगी। परीक्षण का निर्णय निम्नलिखित के अनुसार किया जाएगा :—

120 दिन की आयु प्राप्त होने पर दोनों समूहों के शेष कुक्कुट-शावकों का वजन किया जाएगा, और उन्हें मार कर उनके शव की परीक्षा की जाएगी। इन दो समूहों में से प्रत्येक समूह के यदि कम से कम 15 कुक्कुट-शावक 120 दिन की अवधि तक जीवित नहीं रह जाएं या यदि समूह 1 के किसी एक भी कुक्कुट-शावक की शवपरीक्षा की जाने पर उसे मैरेक रोग की घोर विक्षति हो या यदि 120 दिन की अवधि की समाप्ति पर समूह 1 के कुक्कुट शावकों का औसत शरीर-भार महत्वपूर्ण रूप से (आंकड़ों में) समूह 2 के औसत से भिन्न हों, तो स्टॉक सीड विषाणु का लॉट असन्तोषप्रद है।

(ii) शुद्धता परीक्षा :—कुक्कुट-शावकों में किया जायेगा और टर्की-परिसर्प विषाणु की विशिष्ट विक्षतियों से भिन्न कोई विक्षति प्रकट नहीं होगी।

(iii) प्रतिरक्षाजनत्व परीक्षण : साठ दिन की आयु के ग्रहणशील कुक्कुट शावकों का प्रयोग किया जाता है। इनमें से तीस कुक्कुट-शावकों को ऐसी मात्रा में, जो अंतिम वैक्सीन की फील्ड मात्रा के बराबर हों, सीड विषाणु से संरोपित किया जाएगा और 14–21 दिन के पश्चात् उग्र मैरेक रोग विषाणु से अन्तरूदरीय मार्ग से अन्य 30 वैक्सीन रहित नियंत्रक कुक्कुट-शावकों के साथ-साथ चैलेंज किया जाएगा। संप्रेक्षण अवधि की समाप्ति पर जब कुक्कुट-शावक 20 सप्ताह की आयु के हो जाएं तब जीवित बचे कुक्कुट शावकों का मैरेक रोग के विरुद्ध प्रतिरक्षक की उपस्थिति का पता करने की दृष्टि से सीरम परीक्षण और मैरेक रोग की विक्षतियों का मरणोत्तर शव-परीक्षण किया जाएगा।

किसी भी मृत पक्षी का पूर्ण परीक्षण किया जाएगा और उसे मृत्यु के कारण को शवपरीक्षा/ऊतकविकृतिवैज्ञानिक परीक्षा द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा। सभी जीवित बचने वाले पक्षियों को मार दिया जाता है और उनकी शव-परीक्षा की जाती है। संरक्षण इन्डक्स का अवधारण निम्नलिखित प्रक्रिया द्वारा किया जाता है :—

1. एम.डी. विक्षतियों की संख्या + प्रतिजीवियों की संख्या (प्रभावी संख्या)

एम.डी. विक्षतियों की संख्या × 100

2. पी.आई. नियंत्रकों में प्रतिशत एम.डी. टीकाकृत में प्रतिशत एम.डी. × 100 नियंत्रकों में प्रतिशत एम डी

मास्टर सीड विषाणु में कम से कम अस्सी प्रतिशत का पी. आई. होना चाहिए।

नियंत्रक समूह में से कुक्कुट-शावकों के 80 प्रतिशत निश्चय ही विशेष प्रकार से बीमार हो जाएंगे। यदि 80 प्रतिशत से अधिक टीकाकृत कुक्कुट-शावकों में कोई लक्षण या मैरेक रोग के लक्षण प्रकट नहीं होते हों, सीड विषाणु को पर्याप्त रूप से प्रभावशाली माना जाता है और वैक्सीन उत्पादन के लिए उसका प्रयोग किया जा सकता है।

सीड विषाणु को बत्तख भ्रूण तन्तुकोरक कोश कोशिका कल्चर, कुक्कुट भ्रूण तंतुकोरक या किसी अन्य समुचित कोशिका कल्चर में (विनिर्दिष्ट रोगजनक मुक्त एस.पी.एफ. समूह) में संवारित किया जाता है और जब उच्चतम संक्रमण स्तर प्राप्त हो जाए तो कोशिका गुणाणु स्तर को

निम्नलिखित संघटकों वाले जीव तनुकारकों में निलंबित कर दिया जाता है।

एम.पी.जी.ए. स्थायीकारक

0.218 एम. सुक्रोज

0.0038 एम. मोनोपोटैशियम फास्फेट

0.0072 एम. डाइपोटैशियम फास्फेट

एम. मोनोसोडियम ग्लूटामेट 0.0049 एम.

प्रतिशत गोवाइन एल्बूमिन (प्रभाजन बी)

0.25 प्रतिशत ई.डी.टी.ए. (मिश्र निस्पंदन द्वारा निर्जीवाणुकृत और 10° से. पर भंडारित) विषाणु को 3 मिनट के पराश्रवण द्वारा (प्रति 30 सेकेण्ड के पश्चात् रोकते हुए) 100 एम.ए. पर कोशिका से निर्मुक्त किया जाता है और 60° सें. पर अधिमानतः शीत शुष्कन में सुविधाजनक मात्रा में हिमशुष्कित किया जाता है। प्रति एम्पूल वायल की मात्रा को हिम शुष्कित उत्पाद का तत्स्थानी एकाणुक स्तरीय कोशिका में प्लेक कारक एककों (पी.एफ.यू.) के हिसाब से अनुमापित करने के पश्चात् प्राकलित किया जाएगा।

4. मानक:—

(क) वर्णन: कोशिका निर्मुक्त हिमशुष्कित एच.वी.टी. वैक्सीन का रंग समान रूप से भूरा दिखाई पड़ता है और विनिर्दिष्ट तनुकारी में आसानी से घुल जाने वाला होता है।

(ख) पहचान: समुचित कोशिका कल्चर पद्धति में संरोपित की जाने पर यह वैक्सीन टर्की को परिसर्प विषाणु की विशिष्ट किस्म को कोशिका-विकृति पैदा करेगी। टर्की के परिसर्प विषाणु का विशिष्ट प्रति-सीरम कोशिका विकृति प्रभाव को निष्क्रिय कर देगा।

(ग) आर्द्रता की मात्रा: आर्द्रता की मात्रा एक प्रतिशत से अधिक नहीं होगी।

(घ) निर्जीवाणुता परीक्षण: "निर्जीवाणु वैक्सीन" साधारण विनिबंध (मोनोग्राफ) में विहित किए गए परीक्षण का अनुपालन करेगी।

(ङ) निरापदता निरीक्षण: कम से कम 25 कुक्कुट-शावकों को जिनकी आयु एक दिन की हो, मांसपेशीय मार्ग से वैक्सीन की फील्ड मात्रा के 10 गुने से अंतःक्षिप्त किया जाएगा। ऐसे कुक्कुट-शावकों को 21 दिन तक प्रत्येक दिन संप्रेषित किया जायेगा। इस अवधि के दौरान मरने वाले कुक्कुट शावकों की परीक्षा की जाएगी। मृत्यु का कारण अवधारित किया जायगा और परिणाम को निम्नलिखित रूप में अभिलिखित किया जाएगा:

(1) यदि कम से कम 20 कुक्कुट शावक भी संप्रेक्षण अवधि तक जीवित नहीं रहते, तब यह परीक्षण अनिर्णायक होगा।

(2) यदि किसी रोग से विक्षत और मृत्यु के कारण सीधे वैक्सीन के फलस्वरूप हों तो वैक्सीन असंतोषप्रद है।

(च) शक्ति परीक्षण नमूने का अनुमापन कोशिका संवर्ध पद्धति में किया जाएगा। एक संतोषप्रद बैच में प्रति मात्रा निर्मुक्त किए जाने पर कम से कम 1500 प्लेक फार्मिंग यूनिट्स (पी.एफ.यू.) और अवसान कालावधि के अन्त तक कम से कम 1000 पी.एफ.यू. बना रहेगा।

5 लेबल लगाना: विषाणु वैक्सीन विषयक सामान्य विनिबंध (मोनोग्राफ) में विहित लेबल लगाने की अपेक्षाओं का अनुपालन किया जाएगा।

6. भंडारकरण और अवसान की तारीख: हिमशुष्कित मुक्त एच.वी.टी. वैक्सीन को छह मास के लिए 4 सें. पर भंडारित किया जा सकता

गोट पॉक्स वैक्सीन (जीवित कोशिका संवर्ध)

1 पर्याय: गोट पॉक्स वैक्सीन (जीवित) तनुकृत गोट पॉक्स वैक्सीन

2 परिभाषा: गोट पॉक्स वैक्सीन हिम शुष्कित विनिर्मित है, जिसे अजा-शावक में गुर्दे में क्षीण गोट पॉक्स विषाणु पालकर वृषण कोशिका संवर्धन द्वारा पालकर तैयार किया जाता है।

3 विनिर्मिति: रोग से मुक्त शावक के गुर्दे/वृषण कोशिका संवर्ध का प्रयोग किया जाता है। सीड विषाणु के संक्रमित एकाणुकस्तर को 37° सें. पर उष्मायित किया जाता है। इस संवर्ध से हिमीकरण और हिम द्रवण का संलवण संक्रमण के पश्चात् 6-7 दिन में तीन चक्रों में लेते हैं जब 80 प्रतिशत से अधिक कोशिकाएं सी.पी.ई. दर्शित करती हैं। यह घोल 20 सें. पर भंडारित होने से पूर्व 10 मिनट तक 1000 आर.पी.एम. पर अपकेन्द्रण किया जाता है यह 5 प्रतिशत दुग्ध एल्बुमिन अपघटनी और 10 प्रतिशत सुक्रोस मिला देने के पश्चात् हिम शुष्कित किया जाता है।

4 मानक:

(क) वर्णन: हल्का पीला रंग।

(ख) पहचान: यह उत्पाद गोट पॉक्स से अजा को संरक्षण प्रदान करता है।

(ग) आर्द्रता की मात्रा: आर्द्रता की मात्रा 1.0 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी।

(घ) निरापदता परीक्षण:

(1) प्रयोगशाला पशु: छह चूहे, 3 गिनी पिगों और 3 खरगोशों को क्रमशः 0.2 मिली. से अन्तःपर्युदर्यी और 0.5 मि.लि. और 1.0 मि.लि. से अवत्वक रूप से वैक्सीन को 10 फील्ड मात्राओं से संरोपित किया जाएगा। 10 दिन की संप्रेक्षण अवधि के दौरान 3 संरोपित पशु सामान्य रहेंगे।

(2) अजा: छह से आठ मास की आयु की ग्रहणशील दो अजाओं को उनके पश्चकक्षीय क्षेत्र में अवत्वक मार्ग से वैक्सीन की एक सौ फील्ड मात्रा द्वारा संरोपित किया जाएगा। संरोपित पशुओं में दो से तीन में सो से अधिक स्थानीय प्रतिक्रिया विकसित नहीं होंगी। इन पशुओं का संप्रेक्षण 10 दिनों तक किया जाएगा।

(ङ) निर्जीवाणुता परीक्षण: "विषाणु वैक्सीन" संबंधी साधारण विनिबंध (मोनोग्राफ) के अधीन वर्णित, निर्जीवाणुता परीक्षण का अनुपालन किया जाएगा।

(च) कोशिका संवर्ध में अनुमापन चार यादृच्छिक चयनित नमूनों को शावकों के गुर्दे के कोशिका संवर्धों में प्रत्येक तनुकरण के लिए 5 ट्यूबों को प्रयोग करते हुए संरोपित किया जाएगा। अनुमापन की पुनरावृत्ति तीन बार की जाएगी। 1000 टी.सी.आई.डी. 50 का प्रयोग फील्ड मात्रा के रूप में किया जाता है।

(छ) शक्ति परीक्षण: तीन ग्रहणशील अजाओं (जिनकी आयु 8—10 मास की हो) को फील्ड मात्रा के 1/10वां और तीन ग्रहणशील अजाओं (जिनकी आयु 8-10 मास की हो) (अवत्वक रूप में एक फील्ड मात्रा से संरोपित किया जाता है। संरोपित अजाओं के साथ तीन असंबंध नियंत्रण भी रखे जाते हैं। इन पशुओं को 14 दिनों तक संप्रेक्षण में रखा जाता है और उनके शरीर का तापमान प्रतिदिन अभिलिखित किया जाता है। टीकाकृत पशु कोई तापीय, स्थानीय या व्यापकीकृत प्रतिक्रिया अभिदर्शित नहीं करेंगे। 21 दिन संक्रमणोत्तर काल में टीकाकृत और नियंत्रण पशुओं को अन्तरत्वचीय मार्ग से उग्र गोट पॉक्स विषाणु के 10.000 आई.डी. 50 सें. चैलेंज किया जाता है। इन अजाओं का तापमान 14 दिन की अवधि तक अभिलिखित किया जाता है। टीकाकृत अजाओं में कोई स्थानीय

या व्यापकीकृत प्रतिक्रिया विकसित नहीं होगी जब तक नियंत्रण गोटों में उच्च ज्वर, स्थानीयकृत प्रतिक्रिया या कुछ मामलों में व्यापकीकृत प्रतिक्रिया भी विकसित होगी।

5. लेबल लगाना : "विषाणु वैक्सीन" के सामान्य विनिबंध (मोनोग्राफ) में विहित लेबल लगाने की अपेक्षाओं का अनुपालन किया जाएगा।

6. भंडारकरण और प्रयामन की तारीख : ऐसी आशा की जाती है कि यदि वैक्सीन को 15° सें से 20° सें. पर भंडारकृत किया जाता है तो 12 मास तक अपनी शक्ति कायम रख सकती है और 2° से. 4° सें. पर तीन मास तक अपनी शक्ति बनाए रख सकती है।

शीप पोक्स वैक्सीन (निष्क्रियकृत)

1. पर्याय : फार्मल जेल शीप पॉक्स (वैक्सीन)

2. परिभाषा : शीप पॉक्स वैक्सीन ऐसी ऊतक वैक्सीन है जो फार्मलीन द्वारा निष्क्रियकृत जेल द्वारा संसाधित होती है।

3 विनिर्मिति : 8—12 मास की आयु वाली स्वस्थ ग्रहणशील भेड़ों को रूसी उग्र शीप पॉक्स विषाणु के 1.100 तनुकरण के 500 मि लि. से अवत्वक रूप से संरोपित किया जाता है। सात से आठ संरोपणोत्तर दिन के उदर का चर्म शोथ सहित ले लिया जाता है। संक्रमित ऊतकों के उभय प्रतिरोधी फास्फेट (पी एच. 7.4—7.8) में 10 प्रतिशत सान्द्रता में समांगीकृत किया जाता है जिसे विषाणु के निचोड़ने के पश्चात निर्जीवाणुकृत जेल और बफर (उभयप्रतिरोधी) में निम्नलिखित अनुपात में मिला दिया जाता है :—

| | |
|---|---|
| 6 प्रतिशत ऐल्युमीनियम हाइड्राक्साइड जेल | 50 प्रतिशत |
| फास्फेट बफर (पी एच.) (7.6) | 35 प्रतिशत |
| 10 प्रतिशत घोल | 15 प्रतिशत |

तत्पश्चात् इसे फार्मेलाइज कर दिया जाता है और 20°—25° सें 10° सें पर विभिन्न अवधियों तक रखा जाता है।

4. मानक

(क) वर्णन : यह भूरा श्वेत घोल है। भंडारकरण की अवधि के दौरान जेल पेंदी में बैठ जाता है। घोल को ऊपरी परत स्वच्छ हो जाती है।

(ख) पहचान : यह उत्पाद भेड़ को शीप पॉक्स से संरक्षण प्रदान करता है।

(ग) निरापदता परीक्षण यह परीक्षण दो श्वेत चूहों को 0.2 मि.लि. से, एक गिनी पिग को 1.0 मि.लि. से और एक खरगोश को 3.0 मि.लि. वैक्सीन से संरोपित करके किया जाता है। इन पशुओं को 10 दिन के लिए रोग लक्षणों की दृष्टि से बिल्कुल स्वस्थ रहना चाहिए।

(घ) निर्जीवाणुता परीक्षण : यह प्रायिक जीवाणुविक तर्कसंगत माध्यम पर वैक्सीन का बीजारोपण करके किया जाता है। प्लेटों और ट्यूबों को 10 दिन के लिए 37° से. पर ऊष्मायित किया जाता है। यदि रोगजनक जीवाणु पाये जाते हैं, तो वैक्सीन को अस्वीकृत कर दिया जाता है, जबकि अरोगजनक जीवाणु को वैक्सीन सहित क्षेत्रीय उपयोग के लिए स्वीकार कर लिया जाता है।

(ङ) शक्ति परीक्षण : यह परीक्षण 4 अप्रतिरक्षी ग्रहणशील भेड़ों अधिमानतः 1—2 वर्ष के विदेशी नस्ल को इस वैक्सीन के 3 मि. लि. से अवत्वक् रूप में उसकी जांघ में संरोपित कर दिया जाता है।

संरोपण के पश्चात् टीकाकृत भेड़ों को तीन नियंत्रणों के जिन्हें प्रत्येक को 0.1 मि. लि. उग्र विषाणुओं के साथ जिसमें 200 संक्रामक मात्रा अंतर्विष्ट होती है, 15 दिन तक उन की पूंछ के नीचे अन्तरचर्मीय रूप से चैलेंज कर दिया जाता है। भेड़ों का 10 दिनों तक सप्रेक्षण किया जाता है और उनकी त्वचा प्रतिक्रिया को अभिलिखित किया जाता है। वैक्सीन को शक्तिमान समझा जाता है, यदि सभी टीकाकृत भेड़ें ऊष्मीय या स्थानीय त्वचा प्रतिक्रिया प्रदर्शित नहीं करती हैं। वैक्सीन तब भी शक्तिमान समझा जाता है। यदि 3 टीकाकृत पशुओं में कोई अभिक्रिया विकसित नहीं होती और एक भेड़ विफल त्वचा प्रतिक्रिया दर्शित करती है जबकि तीन नियंत्रकों में से कम से कम 2 में संरोपण के स्थल पर विशेष प्रकार की शीप पाक्स प्रतिक्रिया विकसित हो जाती है।

5. लेबल लगाना "विषाणु वैक्सीन" विषयक साधारण विनिबन्ध (मोनोग्राफ) में विहित लेबल लगाने की अपेक्षाओं का अनुपालन किया जाएगा।

6. भंडारकरण : वैक्सीन का भंडारकरण 4 सें. से 5 सें. ताप पर किया जाएगा। यह उक्त ताप पर 12 मास तक ठीक बना रहता है।

शीप पाक्स वैक्सीन (जीवित कोशिका संवर्धन)

1. पर्याय : शीप पॉक्स वैक्सीन (जीवित) क्षीण शीप पॉक्स वैक्सीन।

2. परिभाषा : शीप पॉक्स वैक्सीन हिमशुष्कित विनिर्मित है जिसे मेमने के गुर्दे /वृषण कोशिका संवर्ध में तनुकृत शीप पाक्स विषाणु उगा कर तैयार किया जाता है।

3. विनिर्मिति : रोग से मुक्त मेमनों के प्रारंभिक गुर्दे/वृषण कोशिका संवर्ध का प्रयोग किया जाता है। बीज विषाणु से संक्रमित एकाणुकपरत को 37° सें. पर ऊष्मायित किया जाता है। इन संवर्धों का संलवन (हार्वेस्टिंग संक्रमण के पश्चात् 6—7 दिन में हिमीकरण और हिम द्रवण के तीन चक्रों द्वारा किया जाता है जब 80 प्रतिशत से अधिक कोशिकाएं सी. पी. ई. दर्शित करती हैं। 20 सें. पर भंडारित होने से पूर्व इस घोल में से कोशिकीय मलबा हटाने के लिए इसका 10 मिनट तक 1000 आर. पी. एम. पर उपकेन्द्रण किया जाता है। यह घोल 5 प्रतिशत दुग्ध एल्बुमिन जलपघटनी और 10 प्रतिशत सुक्रोस मिला देने के पश्चात् हिम शुष्कित किया जाता है।

4 मानक :—

(क) वर्णन : हल्का पीला रंग।

(ख) पहचान : यह उत्पाद भेड़ को शीप पॉक्स से संरक्षण प्रदान करता है।

(ग) आर्द्रता की मात्रा : आर्द्रता की मात्रा 1.0 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए।

(घ) निरापदता परीक्षण :

(i) छह चूहों, 3 गिनी पिगों और 3 खरगोशों को क्रमशः 0.2 मि. लि. से अन्तःपर्युदर्या और 0.5 मि. लि. 1.0 मि. लि. से अवत्वक रूप से वैक्सीन से अंतर्विष्ट 10 मात्रा से संरोपित किया जाता है। 10 दिन की संप्रेक्षण अवधि के दौरान 3 संरोपित पशु सामान्य रहेंगे।

(ii) 2 ग्रहणशील भेड़ों में से प्रत्येक को पश्चकक्षीय क्षेत्र में वैक्सीन की एक सौ फील्ड मात्रा को अवत्वक् रूप से संरोपित किया जाता है। संरोपित भेड़ों में 2 से 3 सें. मी. की स्थानीय अभिक्रिया से अधिक कुछ भी विकसित नहीं होगा।

(ङ) निर्जीवाणुता परीक्षण : विषाणु वैक्सीन संबंधी साधारण विनिबंध (मोनोग्राफ) के अधीन वर्णित निर्जीवाणुता परीक्षण का अनुपालन किया जाएगा।

(च) कोशिका संवर्ध में अनुमापन : अनुरक्षण माध्यम में चार यादृच्छिक चयनित नमूनों को पुनर्गठित करके प्रत्येक तनुकरण के लिए पांच नलिकाओं का प्रयोग करते हुए, मेमने के गुर्दे से संरोपित किया जाता है। अनुमापन तीन बार किया जाएगा। टी.सी. आई. डी. 55 की संगणना रीड और —

म्युल्लन पद्धति से की जाएगी। एक हजार टी सी आई डी 50 को एक फील्ड डोज के रूप में संगणित किया जाता है।

